suggest steps to reduce delays in grant/ renewal of Prospecting Licence/Mining lease, further delegation of powers to the State Governments regarding grant/ renewal of Prospecting Licence/Mining Leases and measures to be taken to prevent illegal mining.

बेन्टोनाइट का निर्यात और दोहन

1322. **श्री अनन्तराय देवशंकर दवे** : क्या खान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गुजरात के कच्छ जिले में बेन्टोनाइट और अन्य बहुमूल्य खनिजों का विशाल भंडार हैं;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौर क्या हैं;

(ग) इन खनिजों के दोहन और निर्यात हेतु क्या कदम उठाये गये थे;

(घ) उक्त खनिजों विशेषत: बेन्टोनाइट के आयात कर्त्ताओं का विस्तृत ब्यौरा क्या हैं;

(ङ) क्या धातु और खनिज व्यापार निगम (एम.एम.टी.सी.) ने बेन्टोनाइट के निर्यात हेतु किसी अमरीकन कंपनी के साथ समझौता किया हैं;

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(छ) धातु और खनिज व्यापार निगम (एम.एम.टी.सी.) ने बेन्टोनाइट के निर्यात के लिए स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं के लिए क्या शर्तें और प्रक्रिया निर्धारित की हैं?

इस्पात मंत्री तथा खान मंत्री (श्री बीरेन्द्र प्रसाद वैश्य) : (क) और (ख) जी, हां। कच्छ जिले में 50 मिलियन टन बेंटोनाइट के निक्षेप हैं जो देश के निक्षेपों का 13.7% हैं। दिनांक 1.4.90 की स्थिति के अनुसार कच्छ जिले में अन्य खनिजों के प्राप्ति योग्य निक्षेप (हजार टन में) निम्मनानुसार हैं:-

बाक्साइट	-	33660
बालक्ले	-	50
चायनाक्ले	-	535
फायरक्ले	-	10
जिप्सम	-	2198
ओकर	-	50
क्वार्टज और सिलिका सैंड	-	2860
लाइमस्टोन	-	5870999

(ग) राज्य उपक्रम मैसर्स गुजरात खनिज निगम विकास लि. और अनेक निजी खान मालिक बाक्साइट, बालक्ले, बेंटोनाइट, फायरक्ले, जिप्सम, काओलिन, लिग्राइट, लाइमस्टोन और सिलिका सैड के खनन कार्य पहले से ही कर रहे हैं। इन खनिजों का विदोहन खान एव खनिज (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 1957 के प्रावधानों तथा इसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार नियंत्रित किया जाता हैं। इसके अतिरिक्त निर्यात का दिशा-निर्देशन सरकार की एक्जिम नीति के अनुसार किया जाता हैं।

(घ) आयात एवं निर्यात की सूचना का संकलन करने वाले वाणिज्यिक आसूचना महानिदेशालय ने सूचित किया हैं कि वह आयात और निर्यात के जिले/राज्यवार आंकड़ो का संकलन नहीं करता हैं।

(ङ.) जी, नहीं।

(च) प्रश्न नहीं उठता।

(छ) मौजूदा "एक्जिम" नीति के अनुसार बेंटोनाइट का निर्यात "ओ.जी.एल." के अन्तर्गत किया जा सकता हैं। खनिज एवं धातु व्यापार निगम मूल्य, विशिष्टियां इत्यादि की दृष्टि से उत्पादों के निर्यात और प्रतिस्पर्द्धा की संभाव्यता/संभावनाओं के आधार पर गुजरात में छोटे खनिज उत्पादकों और निर्यातकों से बेंटोनाइट की समय-समय पर व्यवस्था करता हैं।

Mineral Reserves and Development of Mines in Orissa

1323. SHRI BHAGABAN MAJHI : Will the Minister of MINES be pleased to state :

(a) the estimated minerals reserve in the country at present, State-wise, mineral-wise;

(b) the estimated quantity of minerals being mined every day in the State of Orissa, mineral-wise;

(c) whether Government have formulated any scheme for adequate exploitation of these minerals hidden under the soil in the interest of Orissa;

(d) if so, the details thereof;

(e) the names of areas where new mines have been identified in Orissa; and